अ अ मा सं RDSO
रेल अग्रदूत Transforming Railways
www.rdso.indianrailways.gov.in

# प्रज्ञप्ति HIGHLIGHTS

खण्ड–34 Vol. 34 | अंक–4 No. 4 | त्रैमासिक Quarterly | अक्टूबर–2024 | October-2024

## आर.डी.एस.ओ. के नए महानिदेशक श्री उदय बोरवणकर द्वारा कार्यभार ग्रहण



श्री उदय बोरवणकर ने 31 जुलाई 2024 को महानिदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। यह पद श्री अजय कुमार राणा के सेवानिवृत्त होने के कारण रिक्त हुआ है। इससे पूर्व श्री बोरवणकर पश्चिम रेलवे में प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। श्री उदय बोरवणकर भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियर सेवा (आईआरएसएमई) के 1988 बैच के वरिष्ठ रेल अधिकारी हैं। तीन दशकों से अधिक के अपने शानदार करियर में वे मध्य रेल, पश्चिम रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे, आर.डी.एस.ओ., रेलवे बोर्ड सहित खान मंत्रालय और महा मेट्रो में प्रतिनियुक्ति पर विभिन्न चुनौतीपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

श्री उदय बोरवणकर के पास रोलिंग स्टॉक के उत्पादन, परिचालन और रखरखाव, बड़े मंडलों की सभी गतिविधियों के प्रबंधन के क्षेत्र में समृद्ध अनुभव है, जहां उन्होंने अपर मंडल रेल प्रबंधक (नागपुर मंडल) और मंडल रेल प्रबंधक (भोपाल मंडल) के रूप में कार्य किया है। श्री बोरवणकर ने आईआईएम/अहमदाबाद, आईएसबी/हैदराबाद, बोकोनी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट/इटली और ग्राज (ऑस्ट्रिया) में विज्ञान विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। श्री बोरवणकर को पर्यावरण प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण और कौशल विकास के क्षेत्र में कई उपलब्धियों का श्रेय दिया जाता है।

## आर.डी.एस.ओ. में 78वाँ स्वतंत्रता दिवस का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. में दिनांक 15.08.2024 को 78वाँ स्वतंत्रता दिवस पूरे उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। आर.डी.एस.ओ. स्टेडियम में आयोजित इस समारोह में महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आरपीएफ टुकड़ी की सलामी ली। इस ध्वजारोहण कार्यक्रम में आर.डी.एस.ओ. के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण, उनके परिवार के सदस्य एवं कई अन्य विशिष्ठ अतिथि शामिल थे।

इस अवसर पर क्रान्ति वीरों के बलिदान को नमन करते हुए महानिदेशक महोदय ने सभी को 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं आर.डी.एस.ओ. वासियों से अनुरोध किया कि वे 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ें एवं इस अभियान को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दें। स्वतंत्रता की पताका अनवरत रूप से फहराने के लिए विकास की नींव मजबूत करने पर उन्होंने जोर देते हुए भारतीय रेल के योगदान का उल्लेख किया। भारतीय रेल को सदैव गति देने और संरक्षा के मानकों को तय करने के दायित्व के निर्वहन में आर.डी.एस.ओ. द्वारा अर्जित उपलब्धियों का भी उन्होंने उल्लेख किया जिसमें आर.डी.एस.ओ. द्वारा कवच को उद्योग भागीदारों के सहयोग से विकसित करने, आई.आई.टी. कानपुर और सेल के सहयोग से R260NC (NCC) ग्रेड रेल विकसित करने, लंबी कारों/एसयूवी के परिवहन के लिए लम्बा ऑटोकार वैगन टाइप (ACT1) और थोक वस्तुओं के साथ–साथ स्टील उत्पादों के परिवहन के लिए ओपन वैगन टाइप (BOSM) विकसित करने एवं चक्रवाती क्षेत्रों के लिए नींव सहित एल. टी. ई./कवच टावर का डिजाइन और ड्राइंग जारी करने का कार्य शामिल है। साथ ही उन्होंने आर.डी.एस.ओ. द्वारा "हरित ऊर्जा के क्षेत्र में हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित ट्रेन के विकास हेतु स्पेसिफिकेशन विकसित करने, 12 कार रेक वाली पहली वातानुकालित मेनलाइन वन्दे–मेट्रो के सभी परीक्षण आर.डी.एस.ओ. द्वारा सफलतापूर्वक पूरा करने एवं कॉपर कैडमियम कैटनरी तार के स्थान पर पर्यावरण अनुकूलित 65 वर्ग मिमी कॉपर–मैगनीशियम कैटनरी तार तथा 107 वर्ग मिमी कॉपर–सिल्वर कंडक्टर विकसित करने के कार्य का भी उल्लेख किया।





इसके अतिरिक्त श्री बोरवणकर ने रेल महिला कल्याण संघ (आर.डब्लू.डब्लू.ए.) द्वारा समय–समय पर किये जा रहे सराहनीय कार्यों का भी उल्लेख किया जिसमें आर.डी.एस.ओ. रेल कर्मियों के बच्चों के लिए अरुणोदय विद्यालय का संचालन एवं उनके लिए कई कल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत कन्याओ को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना शामिल है।

अंत में महानिदेशक महोदय ने सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई देते हुए यह आवाहन किया कि हम सब मिलकर भारतीय रेल को अधिकाधिक गतिशील, आधुनिक एवं सुरक्षित रेल प्रणाली बनाने में अपना पूर्ण योगदान एवं समर्पण देंगे जिससे आर.डी.एस.ओ. शीघ्र ही एक विश्वस्तरीय अनुसंधान संगठन के रूप में अपने आपको स्थापित कर सकें। इस अवसर पर एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## आर.डी.एस.ओ. में होटल लोड कन्वर्टर के रिलाइबिलिटी से सम्बन्धित वर्कशॉप का आयोजन

दिनांक 03.07.2024 को आर.डी.एस.ओ. में भारतीय रेलवे के होटल लोड कन्वर्टर के रिलाइबिलिटी (विश्वसनीयता) से सम्बन्धित वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यात्री गाड़ियों में रनिंग के दौरान पॉवर फेलियर की समस्याओं/शिकायतों के निस्तारण हेतु होटल लोड की रिलाइबिलिटी व सक्षमता बढ़ाने के विभिन्न उपायों व अनुरक्षण की प्रक्रिया के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।

उक्त वर्कशॉप में विभिन्न रेलवे से आए वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न उत्पादन यूनिट के अधिकारी एवं आर.डी.एस.ओ. के अधिकारियों सहित विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा सम्बन्धित फेलियर को कम किये जाने हेतु एक्शन प्लान बनाकर उपाय किये जाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस बैठक में



रेलवे बोर्ड के वरिष्ठतम अधिकारियों ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम श्री बृजमोहन अग्रवाल महानिदेशक/संरक्षा, रेलवे बोर्ड की अध्यक्षता में तथा श्री विजय प्रताप सिंह अतिरिक्त सदस्य/ट्रैक्शन, रेलवे बोर्ड, श्री अमिताभ महाप्रबन्धक/उत्तर पश्चिम रेलवे, श्री हितेन्द्र मल्होत्रा महाप्रबन्धक/चितरंजन लोको मोटिव वर्क्स, श्री अजय कुमार राणा, तत्कालीन महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ., श्री एम. के. गुप्ता/प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता, उत्तर पश्चिम रेलवे, श्री राजीव कुमार गुप्ता/प्रधान कार्यकारी निदेशक/विद्युत आपूर्ति एवं इ.एम.यू., आर.डी.एस.ओ., श्री अशोक कुमार नाकरा/कार्यकारी निदेशक, संरक्षा रेलवे बोर्ड आदि के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

## आर.डी.एस.ओ. में सिग्नलिंग उपकरणों की परिसंपत्ति विश्वसनीयता पर वर्कशॉप का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. में 4 एवं 5 जुलाई 2024 को 'सिग्नलिंग उपकरणों की परिसंपत्ति विश्वसनीयता' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विषयों जैसे–इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम, डिजिटल एक्सल काउंटर, इंटीग्रेटेड पॉवर सप्लाई, यूनिवर्सल फेल सेफ ब्लॉक इंटरफेस, अर्थिंग सिस्टम और सिग्नलिंग रिले पर कुल छह कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

इन कार्यशालाओं के दौरान, सिग्नलिंग उपकरणों की विश्वसनीयता के लिए उत्तरदायी विभिन्न कारकों पर सिग्नलिंग उपकरणों के संबंधित मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ विस्तृत चर्चा की गई और आगे की सुधारात्मक कार्रवाई के लिए कार्य बिंदुओं की पहचान की गई। इन कार्यशालाओं का आयोजन आर.डी.एस.ओ. द्वारा, श्री अजय कुमार राणा, तत्कालीन महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ., श्री शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक/उत्तर रेलवे, श्री अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक/दक्षिण पूर्व रेलवे एवं श्री समीर दीक्षित, अपर सदस्य/दूरसंचार/रेलवे बोर्ड की अध्यक्षता में किया गया।

## आर.डी.एस.ओ. ने मुंबई में आयोजित मटेरियल इंजीनियरिंग एण्ड टेकनोलोजी (एमईटी) और हीट ट्रीटमेंट सिम्पोजियम (एचटीएस) प्रदर्शनी में भाग लिया



आर.डी.एस.ओ. ने 4 से 6 सितंबर 2024 तक मुंबई में आयोजित 5वीं मटेरियल इंजीनियरिंग एण्ड टेकनोलोजी (एमईटी) और हीट ट्रीटमेंट सिम्पोजियम (एचटीएस) प्रदर्शनी में भाग लिया। यह प्रदर्शनी एएसएम इंटरनेशनल इंडिया चैप्टर द्वारा आयोजित की गयी और इसका उदघाटन 4 सितंबर, 2024 को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री जितेंद्र सिंह द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। प्रदर्शनी रक्षा, परिवहन, वैकल्पिक ऊर्जा, चिकित्सा और ऊष्मा उपचार सहित विविध क्षेत्रों में मटेरियल इंजीनियरिंग, उपकरण और प्रौद्योगिकी में अत्याधुनिक प्रगति पर केंद्रित थी।

आर.डी.एस.ओ. ने कई प्रभावशाली घटकों का प्रदर्शन किया, जिनमें कंट्रोल आर्म्स, व्हील डिस्क, शाकू कपलर और वंदे भारत कोच के लिए हाल ही में शुरू किया गया। इस प्रदर्शनी में विस्तृत इन्फोग्राफिक्स भी शामिल थे और वंदे मेट्रो के साथ एलएचबी पार्सल वैन, विस्टा डोम और अमृत भारत कोच जैसे नवीनतम रोलिंग स्टॉक नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। इसमें उन्नत मटेरियल के परीक्षण और विश्लेषण में उपयोग किए जाने वाले आधुनिक उपकरण और पद्धतियों का भी प्रदर्शन किया गया।



रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य, श्री एस. के. पंकज ने आर.डी.एस.ओ. के स्टॉल का दौरा किया और वस्तुओं तथा सूचना–ग्राफिक्स के सूचनाप्रद प्रदर्शन के लिए आर.डी.एस.ओ. के प्रयास की सराहना की। आर.डी.एस.ओ. टीम का नेतृत्व श्री अनिल कुमार सिंह, कार्यकारी निदेशक/सवारी डिब्बा द्वारा किया गया।

प्रदर्शनी में विभिन्न क्षेत्रों से आए आगंतुकों और गणमान्य व्यक्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला ने रेल नवाचार के क्षेत्र में आर.डी.एस.ओ. के योगदान में रुचि दिखाई। इस प्रदर्शनी ने मटेरियल साइंस, सफल प्रौद्योगिकियों और हीट ट्रीटमेंट और मटेरियल अनुप्रयोगों से संबंधित अभिनव समाधानों में नवीनतम प्रगति को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया है ।

## आर.डी.एस.ओ. द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान–2024 के अंतर्गत ''रेलवे सेवा (आचरण) नियम, 1966'' पर ऑनलाइन ज्ञान सत्र का आयोजन




आर.डी.एस.ओ. के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान–2024 के अंतर्गत दिनांक 06.09.2024 को ''रेलवे सेवा (आचरण) नियम, 1966'' पर एक ऑनलाइन ज्ञान सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में श्री अमर नाथ दुबे, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी/आर.डी.एस.ओ. ने रेल सेवा (आचरण) नियमों पर व्याख्यान दिया। श्री दुबे ने रेल कर्मियों के लिए आवश्यक आचरण नियमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें रेल सेवा के संदर्भ में ''सरकार'', ''रेलवे सेवक'' और ''परिवार'' जैसे प्रमुख विषयों की व्याख्या की गई। उन्होंने ईमानदारी, कर्तव्य के प्रति समर्पण और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ कड़े नियमों सहित सेवा आचरण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने परिवार के सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित नियमों और राजनीति, चुनाव और सार्वजनिक संगठनों से जुड़ने में रेल कर्मचारियों की भागीदारी को नियंत्रित करने वाले नियमों पर भी बात की।

सत्र के इंटरैक्टिव प्रारूप ने प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से जुड़ने और विभिन्न विषयों पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया। नियमों की गहरी समझ को सुनिश्चित करने हेतु सत्र के दौरान अचल और चल लेनदेन पर केंद्रित उल्लेखनीय चर्चा भी की गयी, जहां श्री दुबे ने प्रतिभागियों के प्रश्नों को व्यापक रूप से संबोधित करने के लिए स्पष्ट उदाहरणों का उपयोग किया ।

## आर.डी.एस.ओ. में 14 सितंबर से 01 अक्टूबर 2024 तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन




आर.डी.एस.ओ. में 'स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता विषय के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा' अभियान 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक मनाया गया। महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर, ने दिनांक 17.09.2024 को सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई । आर.डी.एस.ओ. के सभी निदेशालयों एवं सभी फील्ड ईकाईयों में आर.डी.एस.ओ कर्मियों को उनके नियंत्रक अधिकारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलवाई गयी।



इसी क्रम में दिनांक 18 सितम्बर 2024 को स्पोर्टस एसोसिएशन/आर.डी.एस.ओ. द्वारा साइक्लोथॉन एवं वॉकथॉन का आयोजन किया गया। महानिदेशक महोदय ने आर.डी.एस.ओ. स्टेडियम से झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन एवं वॉकथॉन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, आर.डी.एस.ओ. स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अकादमी के बच्चों एवं आर.डी.एस.ओ. के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत रेलवे महिला कल्याण संघ/आर.डी.एस.ओ. द्वारा संचालित अरुणोदय विद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, ''वेस्ट टू आर्ट'' के अंतर्गत ''वेस्ट को दो नई पहचान, रद्दी से बना लो सुन्दर सामान'' स्लोगन पर एक कार्यक्रम एवं नाटिका का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से अरुणोदय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता और सफाई का संदेश दिया गया।



आर.डी.एस.ओ. में 25 सितंबर 2024 को भारत स्काउट गाइड, आर.डी.एस.ओ. जिले के बच्चों के द्वारा स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत अभियान के तहत ''कूड़ा किसने फैलाया'' नामक नुक्कड़ नाटिका की प्रस्तुति अनुसंधान भवन के परिसर में की गयी। नुक्कड़ नाटिका द्वारा रेलवे परिसर, रेलगाड़ियों तथा अपने आस–पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने से संबंधित संदेश दिया गया।



आर.डी.एस.ओ. में ''स्वच्छता ही सेवा'' एवं ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत दिनांक 17.09.2024, 21.09.2024, 23.09.2024 एवं 30.09.2024 को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अभियान के अंतर्गत दिनांक 30.09.2024 को महानिदेशक महोदय के मार्गदर्शन में भंडार निदेशालय, आर.डी.एस.ओ. के परिसर में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महानिदेशक महोदय ने आर.डी.एस.ओ. के सफाई कर्मचारियों द्वारा आयोजित स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली के माध्यम से आर.डी.एस.ओ. परिसर में रहने वाले लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा उन्हें सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया।

## आर.डी.एस.ओ. में 17 सितंबर से 27 सितंबर, 2024 के बीच हिंदी पखवाड़ा–2024 का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार एवं प्रोत्साहन हेतु 17 सितंबर से 27 सितंबर, 2024 तक हिंदी–पखवाड़ा मनाया गया। महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर, ने दिनांक 17.09.2024 को आर.डी.एस.ओ. के नये ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलित करके राजभाषा–प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में भू–तकनीकी, इंजन विकास, परीक्षण, पुल एवं संरचना, रेलपथ मशीन (इन्फ्रा– I), वित्त, भंडार निदेशालय ने अपने राजभाषा कार्यों को विशिष्ट एवं सुसज्जित रूप में प्रस्तुत किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही कु. सुदीक्षा द्वारा वाणी–वंदना द्वारा हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माननीय रेल मंत्री जी द्वारा हिंदी दिवस पर दिए गए संदेश का वाचन, राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया। मुख्य राजभाषा अधिकारी ने हिंदी–पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उनमें अधिकतम प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए आर.डी.एस.ओ. के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित किया। महानिदेशक महोदय ने अपने उद्घाटन संबोधन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा नियमों के अनुसार पूर्ण निष्ठा एवं उत्साह के साथ सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया।

हिंदी–पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत दिनांक 18 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024 तक राजभाषा विभाग के हिंदी पुस्तकालय में दो–दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के 10 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस क्रम में दिनांक 20.09.2024 को श्री ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव, कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी/मनो–तकनीकी के कुशल निर्देशन में हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता एवं शब्दार्थ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 60 कार्मिकों ने भाग लिया तथा दिनांक 24.09.2024 को निर्णायक श्री अमित यादव, निदेशक/विद्युत के कुशल निर्देशन में 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' तथा 'स्वच्छ भारत के निर्माण में समाज की भूमिका' विषय पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 32 कार्मिकों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त राजभाषा–प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसमें कुल 45 कार्मिकों ने भाग लिया।



आर.डी.एस.ओ. में दिनांक 25.09.2024 को संगठन के महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महानिदेशक महोदय ने पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार–प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। महानिदेशक महोदय ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया।

आर.डी.एस.ओ. की मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके साथ ही हिंदी पखवाड़े के दौरान अब तक आयोजित किए गए सभी कार्यक्रमों की एक वीडियो के माध्यम से झलकी भी दिखाई गई ।



आर.डी.एस.ओ. में दिनांक 17.09.2024 से मनाए जा रहे हिंदी पखवाड़े का समापन दिनांक 01.10.2024 को हुआ। आर.डी.एस.ओ. के नए ऑडिटोरियम में आयोजित हिंदी पखवाड़े का समापन एवं पुरस्कार–वितरण समारोह में महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर द्वारा राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता एवं राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य करने वाले 86 कार्मिकों को पुरस्कार वितरित किए गए। 'सामूहिक पुरस्कार योजना' के अंतर्गत वर्ष के दौरान सर्वाधिक कार्य राजभाषा में करने हेतु संगठन के अनुसंधान निदेशालय ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, वित्त एवं लेखा निदेशालय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ एवं विद्युत निदेशालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी पखवाड़े के दौरान राजभाषा प्रदर्शनी में संगठन के निदेशालयों ने अपने अपने स्टॉल लगाये, जिनमें राजभाषा में किए गए कार्यों को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी के मूल्यांकन के आधार पर परीक्षण निदेशालय ने प्रथम, भू–तकनीकी इंजीनियरी निदेशालय ने द्वितीय तथा वित्त एवं लेखा निदेशालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



पुरस्कार–वितरण समारोह में कु. प्रियंका द्वारा सांस्कृतिक–नृत्य तथा लोक–नाट्य दल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा श्री रामधारी सिंह 'दिनकर' जी द्वारा रचित खंडकाव्य 'रश्मिरथी' का नाट्य–मंचन किया गया। अपने नाट्य–कौशल द्वारा युद्ध–भूमि में नैतिकता एंव अनैतिकता के मध्य संघर्ष को जीवंत कर दिए जाने पर महानिदेशक महोदय ने प्रशंसा की तथा कार्यालय के कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए नाट्य–मंडली के सभी सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित कार्मिकों को संबोधित करते हुए महानिदेशक महोदय ने संगठन के सभी कार्मिकों से राजभाषा नियमों के अंतर्गत अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने का आह्वान किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा ने राजभाषा विभाग के हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता, तकनीकी–संगोष्ठी, साहित्यिक–संगोष्ठी, शब्दार्थ–प्रतियोगिता एवं राजभाषा–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे अभिनव प्रयासों को रेखांकित करते हुए सभी को राजभाषा प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया।



## आर.डी.एस.ओ. में सतर्कता जागरूकता अभियान– 2024 के तहत 'साइबर हाईजीन और सुरक्षा' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. में सतर्कता जागरूकता अभियान–2024 के तहत दिनांक 26.09.2024 को ''साइबर स्वच्छता और सुरक्षा'' विषय पर एक सेमिनार में राष्ट्रीय ख्याति के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ, श्री अनीश प्रसाद (आईपीएस) का स्वागत किया गया। श्री प्रसाद ने पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों क्षेत्रों में निवारक उपायों की आवश्यकता पर बल देते हुए सोशल मीडिया, डिजिटल गिरफ्तारी और ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी जैसे संगठित साइबर अपराध में महत्वपूर्ण रुझानों पर प्रकाश डाला। श्री प्रसाद ने उपस्थित कर्मचारियों को प्रौद्योगिकी के नैतिक आयामों पर चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे डिजिटल सुरक्षा के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण को प्रेरणा मिली।




इस कार्यक्रम में आर.डी.एस.ओ., के वरिष्ठ अधिकारियों और स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर, श्री ए. एम. रिजवी, अपर महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. एवं श्री अरुण कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी शामिल थे। इस सत्र में आर.डी.एस.ओ. कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों और आर.डी.एस.ओ. के विभिन्न क्षेत्रीय इकाइयों के अधिकारियों ने भी "ऑनलाइन" भाग लिया, जिससे भारत के सुरक्षित डिजिटल भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई।

## आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



दिनांक 29.07.2024 को आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया। डॉ. मेराज अहमद ने हेपेटाइटिस के प्रकार, कारक, प्रबंधन और रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर शराब के सेवन से लीवर पर होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम में दिनांक 28.09.24 को विश्व रेबीज दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम में डॉ. मेराज अहमद ने रेबीज के घातक परिणाम एवम उससे रोकथाम के बारे मे बताया।



दिनांक 30.09.2024 को आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में विश्व हृदय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. मृदुल शुक्ला ने हृदय की बीमारी को लोगो द्वारा गंभीरता से न लेने, संतुलित आहार न लेने जंक फूड एवं तंबाकू, सिगरेट का सेवन करने और व्यायाम ना करने के घातक परिणाम के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कैसे अपने जीवनशैली में बदलाव करके बीमारियों से बचा जा सकता है।

**Kind Attention to Our Readers :**

- **The achievements and good work done in or out side RDSO, by all officers and staff are always welcome. They may send their brief write-up with photograph to the editor for inclusion in RDSO Highlights.**
- **The RDSO employees are also welcomed to send achievements/write-up of their wards along with photograph for inclusion in RDSO Highlights.**

**Editor, RDSO Highlights**

कार्यकारी निदेशक/प्रशासन, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, रेल मंत्रालय, लखनऊ द्वारा संपादित एंव प्रकाशित।

RDSO Website http://www.rdso.Indianrailways.gov.in

@RDSOLucknow @RDSOLucknowIR @rdso_lucknow @PublicRelationRDSO LinkedIn www.linkedin.com/in/rdsolucknow

Printed at : Prakash Packagers, Lucknow